# पूजा-अर्चना कर गढ़ गणेश को दिया ऊंट उत्सव का न्यौता

**बीकानेर,**(कासं)। अंतराष्ट्रीय ऊंट उत्सव के लिए पीले चावल बांटकर 'आवण री मनवार' गुरूवार को शुरू हुई। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास के ने लक्ष्मीनाथ मंदिर स्थित गढ़ गणेश में पूजा-अर्चना के साथ भगवान गणेश को पीले चावल अर्पित कर उत्सव का न्यौता दिया।

इस दौरान सजे-धजे ऊंट और रोबीले साथ रहे। कच्छी घोड़ी नृत्य कलाकारों के साथ लोग थिरकने लगे और मश्क वादक ने सुमधुर स्वर-लहरियां बिखेरी। लक्ष्मीनाथ मंदिर से शुरू यह यात्रा चूड़ी बाजार, सब्जी बाजार, मोहता चौक होते हुए रामपुरिया हवेलियों तक पहुंची। इस दौरान विधायक व्यास एवं अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने लोक कलाकारों के साथ पैदल चलकर आमजन को उत्सव के लिए न्यौता दिया।

- 10 से 12 जनवरी तक आयोजित होगा ऊंट उत्सव
- हैरिटेज वॉक के साथ शुरू होगा

इस अवसर पर विधायक व्यास ने कहा कि 10 से 12 जनवरी तक होने वाले ऊंट उत्सव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी रहे। इसके मद्देनजर आमजन को न्यौता दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी परकोटे की संस्कृति और यहां की परम्पराओं की जानकारी देशी-विदेशी पर्यटकों को मिले। इसके लिए इस बार शहरी क्षेत्र में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) ने कहा कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय उत्सव 10 जनवरी को प्रातः 8 बजे हैरिटेज वॉक के साथ शुरू होगा। इसी दिन सूरसागर पर प्रातः 10 बजे मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता, दोपहर 1 बजे धरणीधर मैदान में हैण्डीक्राफ्ट और फूड फेस्टिवल तथा सायं 7 बजे यहीं सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी।

पर्यटन विभाग के उपनिदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि दूसरे दिन प्रातः 9 बजे से राष्ट्रीय ऊष्ट अनुसंधान केन्द्र में ऊंटों से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। दोपहर 3.30 बजे जूनागढ़ से भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। सायं 4.30 बजे डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में मिस मरवण, मिस्टर बीकाणा और ढोला-मरवण शो होगा। सायं 7 बजे स्टेडियम में फॉक नाइट आयोजित की जायेगी। तीसरे दिन के सभी कार्यक्रम रायसर में होंगे। इस दौरान पर्यटन अधिकारी पवन शर्मा, सीताराम कच्छावा, अनिल आचार्य, मुरली व्यास सहित अनेक लोग साथ थे।



विधायक जेठानंद व्यास ने गढ़ गणेश में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर अंतराष्ट्रीय ऊंट उत्सव का न्यौता दिया।

## कैंसर पीड़ितों को कंबल वितरित

**बीकानेर,** (कासं)। नंदलाल जोशी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में गुरूवार को पीबीएम अस्पताल के आचार्य तुलसी केन्द्र के सभाकक्ष में कैंसर पीड़ित मरीजों तथा उनके परिजनों को कंबल वितरण किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेन्द्र बेनीवाल थे। अध्यक्षता कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने की एवं विशिष्ट अतिथि सखा संगम के अध्यक्ष एन.डी. रंगा थे। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेन्द्र बेनीवाल ने कहा कि एनएलजेसी द्वारा सर्दी के मौसम में कैंसर मरीजों तथा उनके परिजनों को कंबल उपलब्ध करवाना अनुकरणीय है। इस मौसम में मरीजों तथा उनके परिजनों को इससे राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त अन्य लोगों को भी नेक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजेन्द्र जोशी ने ट्रस्ट के कार्यों की जानकारी दी और बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर पीबीएम अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों पर जनसेवा के कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि कड़ाके की सर्दी के मौसम के मद्देनजर मरीजों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह कार्य किया गया है। विशिष्ट अतिथि एन. डी. रंगा ने कहा कि सामाजिक सरोकारों के कार्यों के माध्यम से आमजन को जोड़ना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रकाश रंगा ने किया। इस अवसर पर डॉ. संदीप भास्कर, डॉ. परमिला खत्री, डॉ. गौतम सिंह, डॉ. राकेश सिंवर, अभिषेक जोशी, सुधा पारीक, मीनाक्षी भाटिया, गिरीराज तथा सुरेन्द्र जोशी उपस्थित थे।

## बिजली विभाग के ऑफिस से 7 लाख रूपये चोरी

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। ऊपनी गांव में स्थित बिजली विभाग के एक ऑफिस से चोर करीब 7 लाख रूपए ले गए। चोरी मंगलवार को हुई लेकिन साल के अंतिम दिन एफआईआर दर्ज नहीं करने की परंपरा को निभाते हुए श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने रात 12 बजकर 25 मिनट पर इस चोरी की एफआईआर दर्ज की।

बिजली विभाग के ऊपनी दफ्तर से मंगलवार को एक चोर ने 7 लाख से अधिक रूपयों से भरा बैग चोरी कर लिया। कार्यालय के सहायक अभियंता नरेन्द्र सोनगरा ने पुलिस को बताया- दोपहर करीब 1 बजे से 2 बजे के बीच सूचना मिली कि कार्यालय के रोकड़ शाखा में कैश कलेक्शन के 7 लाख 10 हजार रूपयों से भरा बैग किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार को दे दी है। एईएन सोनगरा ने बताया कि ऊपनी में बिजली बिलों का भुगतान लिया जाता है। इसी कारण एक ही दिन में 18 लाख रूपए का कैश आया था। इसमें 7 लाख 10 हजार रूपए बैंक में जमा कराने के लिए अलग से रखे गए थे। ये बैग कोई अज्ञात व्यक्ति 1 से 2 बजे के बीच उठाकर ले गया। ऑफिस के जिस रूम से अज्ञात व्यक्ति 7 लाख रूपए का कैश लेकर चला गया वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं है। अन्यथा ऑफिस के कई कमरों में सीसीटीवी लगे हुए हैं। एईएन सोनगरा ने बताया कि उन्होंने अपने कक्ष में तिजोरी होने के कारण वहां पर्सनल सीसीटीवी लगा रखा है।

## सार-समाचार

### मंत्री गोदारा ने की जनसुनवाई



खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बीकानेर में अपने आवास पर जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनी।

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने गुरूवार को अपने आवास पर आमजन के अभाव अभियोग सुने। प्रातः 9 से दोपहर 3 बजे तक चली जनसुनवाई में गोदारा ने विभिन्न विभागों से जुड़े आमजन के परिवाद सुने तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजकीय कार्यालयों में पहुंचने वाले आमजन के साथ अधिकारी संवेदनशील व्यवहार करते हुए उनके परिवाद सुनें। वाजिब कार्यों को प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करवाने के लिए परेशान नहीं होना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, राजस्व, अतिक्रमण हटाने आदि से जुड़े शिकायत प्रस्तुत की गई। इस दौरान जिला मुख्यालय और दूर दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और प्रतिनिधिमंडल खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री से मिले। मंत्री ने प्रतिनिधि मंडलों की मांग पर विभिन्न विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से राशि जारी की। गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार ने आमजन के हित में अधिकारियों को नियमित रूप से जनसुनवाई करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार द्वारा त्रिस्तरीय जनसुनवाई की भी नियमित मानिटरिंग की जा रही है। टालमटोल और लापरवाही भरा रवैया स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही होगी।

### गरीब बच्चों को गर्म वस्त्र बांटे



हरी प्यारी समिति ने बीकाजी फैक्ट्री के पीछे झुग्गी झोंपडियों में रहने वाले बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए।

**बीकानेर,** (कासं)। हरी प्यारी समिति द्वारा गुरूवार को बीकाजी फैक्ट्री के पीछे झुग्गी झोंपडियों के निवासियों को गरम वस्त्र वितरित किए गए। हरि प्यारी समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश कपूर ने इस अवसर पर कहा कि जरूरतमंद की सहायता से बड़ी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा कि परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है। समिति इस राह पर चलकर हर साल सामाजिक सरोकार के काम कर रही है। इस दौरान गर्म कपड़ों के साथ बिस्किट वितरित किए गए। इस दौरान हरि प्यारी सेवा समिति के सचिव विजय कपूर, प्रवीण कुमार घई, शिवकुमार मोदी, रवि भटनागर, सुभाष स्वामी का सहयोग रहा।

### जिले पर 20 करोड़ खर्च, अब सन्नाटा

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ जिले के रद्द होने के बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय में सन्नाटा पसर गया है। केवल कर्मचारियों के अतिरिक्त कोई भी फरियादी नजर नहीं आ रहा। जिला कलेक्टर भी अब कार्यालय नहीं आ रहे और अतिरिक्त जिला कलेक्टर की देखरेख में सारी फाइलें समेटी जा रही है तथा गुरूवार को सारा रिकॉर्ड श्रीगंगानगर कलेक्ट्रेट भेज दिया जायेगा। जहां एक और सोमवार से शुक्रवार कलेक्ट्रेट में फरियादियों का जमावड़ा लगा रहता था। वहीं दूसरी ओर अब कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यक्ति कलेक्ट्रेट में नजर नहीं आता। जिला कलेक्ट्रेट का सारा रिकॉर्ड समेट दिया गया है और गुरुवार को सारा रिकॉर्ड श्रीगंगानगर के लिए रवाना कर दिया जाएगा। आमजन के लिए भी जिले को भुलाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे ना जाने कितने ही मामले हैं जिसका मौके पर निस्तारण हुआ तथा जो फरियादी पिछले कई सालों से अपनी समस्या को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहा था उसे तुरंत न्याय मिला। अनूपगढ़ के जिला बनने के बाद विभिन्न जिला स्तरीय कार्यालयों में संविदा पर अनेक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ था परंतु अब जिला रद्द होने के बाद लगभग सभी जिला स्तरीय कार्यालय बंद होने की कगार पर है। सभी जिला स्तरीय अधिकारी राज्य सरकार के आदेशों के इंतजार में बैठे हुए हैं जैसे ही राज्य सरकार के आदेश प्राप्त होंगे यहां पर कार्यालय बंद कर दिया जायेगा। इसके साथ ही जो युवा संविदा पर लगे हुए हैं उन्हें भी हटा दिया जायेगा। जिला रद्द करने के फैसले का युवाओं में भी काफी रोष है।

### यूडी टैक्स वसूली के लिए 4 दल बनाए

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। नगर परिषद क्षेत्र में परिषद की ओर से करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए वसूल की जाने वाली यूडी टैक्स की स्थिति काफी कमजोर है। 25 नवम्बर को मौजूदा बोर्ड का कार्यकाल पूरा होने के बाद यूडी टैक्स की वसूली एकदम ठप हो गई है। नगर परिषद आयुक्त रणजीत कुमार का कहना है कि यूडी टैक्स परिषद की आय का मुख्य स्त्रोत है। उक्त व्यवस्था को सुधारने व सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। परिषद की ओर से 4 अलग-अलग दलों का गठन करते हुए 20 अधिकारी-कर्मचारियों को दल में शामिल कर 1 माह में काम पूरा कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

# घरेलू गैस का दुरूपयोग, रसद टीम ने किए 12 सिलेंडर जब्त

**बीकानेर,** (कासं)। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के अवैध दुरूपयोग, रिफिलिंग तथा अवैध भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विभाग की टीमों द्वारा गुरूवार को 17 स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों अनियमिताएं पाये जाने पर कार्यवाही करते हुए 12 सिलेंडर जब्त किए गए।

जिला रसद अधिकारी (प्रथम) वीरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि विभाग की टीम द्वारा जयपुर रोड स्थित फौजी रेस्टोरेंट, संदीपा स्वीट्स, सुभाष पेट्रोल पंप के सामने लालजी स्वीट्स, सुमित स्वीट्स तथा रेड मून बेकरी पर कार्रवाई के दौरान घरेलू एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक दुरूपयोग करते हुए पाया गया तथा प्रत्येक से एक-एक सिलेंडर जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि अन्य कार्रवाई में नगर निगम के सामने उम्मेद मिष्ठान भंडार तथा रोडवेज बस स्टैंड के पास श्याम नमकीन पर भी निरीक्षण के दौरान घरेलू एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक दुरूपयोग करते हुए पाया गया तथा प्रत्येक से दो-दो सिलेंडर जब्त किए गए। जब्त सिलेंडर और अन्य सामग्री को निकटतम गैस एजेंसी गोदाम में सुरक्षित रखने के लिए पाबंद किया गया है। जांच दल में प्रशिक्षु आरएएस निधि और विक्रांत शर्मा के साथ प्रवर्तन निरीक्षक जयसिंह, दीपक पूनिया शामिल थे।



रसद टीम में प्रशिक्षु आरएएस निधि और विक्रांत शर्मा के साथ प्रवर्तन निरीक्षक जयसिंह, दीपक पूनिया ने गैस सिलेंडर जब्त किए।

## सामूहिक विवाह 9 मार्च को

**गजसिंहपुर,** (कासं)। स्थानीय माता गुजरी कन्या उत्थान समिति द्वारा 15वां सामूहिक विवाह का आयोजन व प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 9 मार्च को गुरूद्वारा परिसर में होगा।

समिति संयोजक पूर्व सरपंच अवतार सिंह मान ने बताया कि इसमें विवाह योग्य निर्धन कन्याओं की शादी की सभी व्यवस्थाएं समिति द्वारा की जायेगी। इच्छुक परिवार अपने बच्चों की शादी के लिये समिति के पास 31 जनवरी से पूर्व फार्म जमा करवा सकते हैं। रिश्ते की व्यवस्था परिवार को करनी होगी व वर की आयु 21वर्ष व कन्या 18 वर्ष दोनों बालिग होने चाहिये।

विवाह दोनों पक्षों के धर्म व पारिवारिक रिति रिवाज अनुसार होंगे तथा अनाथ बच्चों को प्राथमिकता दी जायेगी। विवाह समारोह व रक्त दान स्थानीय गुरूद्वारा सिंह सभा में होगा। अवतार सिंह मान के अनुसार समिति प्रत्येक वर्ष विवाह का आयोजन करती है व यह 15 वां आयोजन हो रहा है। इस वर्ष पहला रक्तदान शिविर भी लगाया जा रहा है।

## कोहरे ने गाड़ियों की स्पीड पर लगाये ब्रेक

- विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम रही
- ठिठुरन बढ़ने से छूटी कंपकंपी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कोहरे ने गुरुवार को गाड़ियों की स्पीड पर ब्रेक लगा दिए। अलसुबह सड़कों पर वाहनों की आवाजाही तो कम ही थी। लेकिन जो लोग भी निकले वे बेहद धीमी गति से वाहनों की हैडलाइट जलाकर चलते नजर आए।

कोहरे में कुछ मीटर तक दूर तक ही कुछ नजर नहीं आ रहा था। जिले का अधिकांश हिस्सा कोहरे में लिपटा नजर आया। सर्दी के चलते दैनिक गतिविधियां काफी देरी से शुरू हुई। सुबह 9 बजे तक सड़कों पर आवाजाही काफी कम थी। इस दौरान सड़कों पर जो लोग निकले वे सर्दी से बचाव के तमाम इंतजाम करके निकले। सड़कों पर निकलने वाले लोग ऊनी कपड़ों से बचाव करते दिखाई दिए।

सड़कों के किनारे अलाव तापकर लोगों ने सर्दी दूर भगाई। शहर से सटे खेतों में तो कोहरे की चादर छाई हुई थी। यहां खेती के लिए निकले किसानों का कहना था कि जिले में कोहरा किन्नू और गाजर की फसल के फायदेमंद रहता है। अलसुबह सड़कों पर निकले कोचिंग स्टूडेंट्स का कहना था कि कैरियर के लिए वे सर्दी की परवाह नहीं कर रहे, लेकिन सर्दी के चलते सुबह सड़कों पर निकलना बेहद परेशानी भरा रहता है। सर्दी के चलते बाजार देरी से खुले। सुबह 11 बजे तक बाजारों में रौनक नजर आई। वहीं शाम को बाजारों में जल्दी सन्नाटा हो जाता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगले 24 घंटे में भी इसी तरह से कोहरे और शीतलहर का असर रहने की संभावना है। इस दौरान हवा चल सकती है और तापमान में और गिरावट आयेगी।

## नशे के खिलाफ कार्रवाई कराना महंगा पड़ा

- नशा बेचने वालों की सूचना देने पर उल्टा पुलिस उसे ही घर से उठाकर ले गई और मारपीट की
- मकान की तीसरी मंजिल पर चढ़ा युवक

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन के सेक्टर 12, वार्ड 10 में गुरूवार सुबह एक युवक नशे के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मकान की तीसरी मंजिल पर चढ़ गया। युवक ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाने की मांग करने लगा।

सूचना पर जंक्शन थाने से पहुंचे पुलिसकर्मियों ने युवक से समझाइश कर नीचे उतारने का प्रयास किया। मौके पर मोहल्लेवासियों की भीड़ जमा हो गई। मकान की तीसरी मंजिल पर चढ़े रूपराम पालीवाल पुत्र हेतराम ने बताया कि उसने नशीले पदार्थ बिकने के संबंध में ऑनलाइन और लिखित रूप में पुलिस को सूचना दी थी।

इसके बाद जिला विशेष टीम के प्रभारी और सदस्य उसके पास आए। उसने पुलिस टीम को उन लोगों के घर दिखाए जो नशा बेचने का काम करते हैं। पुलिस ने एक युवक को डिटेन भी किया। इसके बाद जिला विशेष टीम उल्टा उसे ही घर से उठाकर ले गई। मारपीट की और जातिसूचक गालियां निकाली। साथ ही कहा कि कार्रवाई करवानी है तो बड़ी कार्रवाई करवा। उसने हाथ जोड़कर मिन्नतें की। इस पर उसे पुलिस थाना ले गए। शाम को एसडीएम के समक्ष पेश किया।

## शिव महापुराण कलश यात्रा निकाली

**नोखा,** (कासं)। करणी माता मंदिर जोरावरपुरा में मलमास के पावन अवसर पर शिव महापुराण का आयोजन प्रारंभ हुआ।

आयोजन समिति के कानाराम जाट ने बताया कि आज एक दिवस पूर्व श्यामजी हनुमानजी मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें सैकड़ों माता बहनों ने कलश धारण करके मंगल गीत गाते हुए पूरे क्षेत्र की परिक्रमा करते हुए कथा स्थान करणी माता मंदिर पहुंचे।

कलश यात्रा में कानाराम जाट, रामलाल सुथार, गणपत सोनी, किशनगोपाल चितलांगिया, खुशवंत शर्मा, मुरलीधर चितलांगिया, पूनमचंद झंवर, ओमप्रकाश सोनी, गौरखाराम भादू, ओम सुथार, जगदीश सोनी, मुकेश सुथार एवं महिला मंडल में राधामनी चितलांगिया, मैना तापड़िया, सीमा मिश्रा आदि ने सहयोग किया।

# देसी पिस्टल व 83 कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

- आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज, डीएसटी की सूचना पर सदर थाना पुलिस ने की कार्रवाई

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सदर थाना पुलिस ने एक देसी पिस्टल व 83 कारतूस बरामद कर सहजीपुरा निवासी युवक को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई को डीएसटी की सूचना पर गश्त के दौरान की गई।

सदर पुलिस थाना प्रभारी एसआई अजय कुमार ने बताया कि 14 नवंबर को गांव जंडावाली में 5-6 अज्ञात व्यक्तियों की ओर से लाठियों से लैस होकर विद्युत कर्मी के साथ मारपीट की गई थी। इस संबंध में सदर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस प्रकरण में संलिप्त आरोपी जसकरण सिंह को एक अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार किया गया। उससे हथियार के संबंध में पूछताछ की।

उसके सोशल मीडिया अकाउंट तथा इलेक्ट्रोनिक उपकरणों को चैक किया तो ऐसे कई सारे ऑडियो-वीडियो प्राप्त हुए जिनमें भारी मात्रा में हथियार एवं कारतूस का प्रदर्शन किया गया था। आरोपी एक गिरोह का संचालन कर रहे थे जो भारी मात्रा में अवैध हथियार रखते हैं एवं मारपीट, फिरौती, नशा एवं मादक पदार्थ बेचान तथा जमीन कब्जा लेना आदि आपराधिक कार्य करते थे। इस गिरोह के सदस्य संगठित रूप से खेतों में फायरिंग करने का प्रशिक्षण लेते हैं एवं अन्य लोगों को प्रशिक्षण देते हैं।

पूर्व में पुलिस की ओर से अवैध हथियार रखने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर 18 हथियार, 144 जिंदा कारतूस व 10 खाली कारतूस बरामद किए गए थे। इस गिरोह में शामिल एक आरोपी संदीप कुमार उर्फ बिट्टू फरार चल रहा था। थाना के एएसआई कुलदीप मीणा के नेतृत्व में गठित टीम रात को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने गांव सहजीपुरा में श्मशान भूमि के नजदीक घग्घर नदी की पुलिया पर एक युवक को संदिग्ध हालत में घूमते देखा। युवक को रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक देसी पिस्टल व 83 कारतूस बरामद हुए। इनमें 80 जिंदा कारतूस व 3 खाली कारतूस थे। मौके से संदीप कुमार पुत्र राजपाल बावरी निवासी वार्ड 4, गांव सहजीपुरा को गिरफ्तार किया।

# वाहन चालकों को फूल देकर हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने की अपील की

- वाहन रैली ने यातायात नियमों की पालना का संदेश दिया

**बीकानेर,** (कासं)। सड़क सुरक्षा माह के दूसरे दिन गुरूवार को जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और परिवहन विभाग द्वारा यातायात जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि और पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया।

यातायात जागरूकता वाहन रैली शहर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी और यातायात नियमों की पालना का संदेश दिया। जिला कलेक्टर ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने और सड़क सुरक्षा के प्रावधानों का लागू करने के उद्देश्य से पूरे माह विभिन्न गतिविधियां होंगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए यातयात नियमों की पालना जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अभियान से जुड़े सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर यातायात नियमों की अवहेलना नहीं हो। नियमों का उल्लंघन करने वाहन वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाए। रैली में यातायात विभाग के पुलिस कर्मियों, दुपहिया वाहन डीलर स्टाफ, पुलिस विभाग के चौपहिया वाहन चालक, ऑटो रिक्शा चालक व नगर निगम की कचरा संग्रहण गाडियां शामिल रही। नगर निगम के वाहनों पर लगे बोर्ड के माध्यम से गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात न करने, हेलमेट पहने, सीट बेल्ट लगाने, नशे में वाहन ना चलाने का संदेश दिया। इस दौरान यातायात जागरूकता से जुड़ी रंगोली भी सजाई गई। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने वाले वाहन चालकों को फूल देकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग ना करने वालों को समझाइश कर नियमों की पालना करने के लिए कहा।



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि और पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर ने यातायात जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# एम.एस.पी. पर सिर्फ 3429 क्विंटल मूंगफली की खरीद

**सूरतगढ़,** (कासं)। दो साल बाद सरकारी खरीद केन्द्र पर मूंगफली की एमएसपी पर खरीद होने से सरकारी गोदामों में मूंगफली पहुंचने लगी है। गत 2 साल में सरकारी खरीद केन्द्र पर मूंगफली की एमएसपी पर खरीद शून्य रही थी। इस बार मूंगफली एमएसपी पर खरीद होने से किसान खुश है, तो सरकारी गोदाम में अब तक 9671 मूंगफली के बैग जमा हो चुके हैं। जबकि 127 बैग खरीद केन्द्र पर तुलाई के बाद रखे हुए हैं।

मूंगफली की सरकारी खरीद बारदाना न आने से देरी से शुरू होने पर मूंगफली उत्पादक किसानों को 1500 से 2000 रूपए प्रति क्विंटल का आर्थिक नुकसान हो रहा था, कि सूरतगढ़ खरीद केन्द्र पर एमएसपी पर मूंगफली की खरीद होने से उनको राहत मिली है।

किसान खरीद शुरू न होने से फसल लूणकरनसर, बीकानेर व अर्जुनसर में 4200 से 5000 रूपए प्रति क्विंटल के बाजार भाव से बेच रहे थे। ऐसे में सूरतगढ़ में खरीद शुरू होने से वे फसल खरीद केन्द्र पर लाकर बेच रहे हैं।

क्रय-विक्रय सहकारी समिति के सहायक खरीद प्रभारी संतोष बेनीवाल के मुताबिक अब तक 104 किसानों से 3429.30 क्विंटल मूंगफली समर्थन मूल्य 6583 रूपए प्रति क्विंटल से क्रय की जा चुकी है।

वहीं प्रतिदिन 100 से 150 क्विंटल मूंगफली की खरीद केन्द्र पर आवक हो रही है। तहसील क्षेत्र के 692 किसानों ने मूंगफली एमएसपी पर बेचने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया था।

इनमें से अब तक 134 किसानों को मूंगफली खरीद केन्द्र पर लाने के मोबाइल पर मैसेज भिजवाए जा चुके हैं। सहायक खरीद प्रभारी के मुताबिक 2-3 दिन से मौसम खराब होने से किसान फसल कम लेकर आ रहे हैं। ऐसे में आने वाले 2-3 दिनों में मूंगफली की आवक में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।


**राजस्थान आवासन मण्डल,खण्ड झुंझुनूं**

**जाहिर आम-सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की पुरानी कॉलोनी झुंझुनूं योजना में आवास संख्या 1/310 का आवंटन श्रीमती पतासी देवी पत्नी श्री सुरजाराम को जरिये आवंटन पत्र क्रमांक 1315 दिनांक 16.07.1986 को किया गय था। तत्पश्चात श्रीमती पतासी देवी द्वारा उक्त आवास का दिनांक 12.08.1986 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। तत्पश्चात मण्डल द्वारा उक्त आवास का श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री उम्मेदसिंह के पक्ष में नियमितिकरण कर उनके पक्ष मे पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन दिनांक 31.08.2004 को कर दिया गया । श्री राजेन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 12.08.2022 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री संदीप कुमार के पक्ष में 1. मृतक की पत्नी श्रीमती सरस्वती एवं पुत्र एवं पुत्रीगण 2. श्री प्रदीप राजहरिया 3.निशा राजहरिया द्वारा दिनांक 28.10.2024 को उप पंजीयक कार्यालय झुंझुनूं से पंजीकृत हक त्याग-पत्र जारी करा दिया गया।। अतःउक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 07 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री संदीप कुमार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जाएगा।

( जे.पी.वर्मा )
आवासीय अभियंता
राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड झुंझुनूं